प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन रैली के समापन समारोह को करेंगे संबोधित, भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने तैयारियों का लिया जायजा।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आरोप, झारखंड की बदहाली के लिए हेमंत सोरेन सरकार जिम्मेवार।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–युवाओं के नियोजन को लेकर गंभीर है राज्य सरकार।
4. पलामू की एक अदालत ने छह वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को सुनायी 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा, 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया।
5. विश्व पर्यटन दिवस पर झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, केन्द्र सरकार ने देवघर के रिखिया गांव को श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन गांव का दिया पुरस्कार।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आज हजारीबाग पहुंच कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अक्तूबर के पहले सप्ताह में भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी और उसके बाद प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की जायेगी।

****

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच आज प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की। रघुवर दास झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हिमंता बिस्वा सरमा ने भुवनेश्वर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मुलाकात को झारखंड विधानसभा चुनाव से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

****

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पार्टी की परिवर्तन रैली के समापन समारोह को संबोधित किया।मौके पर उन्होंने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। इससे पहले लातेहार में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि केन्द्र सरकार को राज्य के किसानों की भी चिंता है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द केन्द्र सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आईसीएआर की एक टीम झारखंड में भेजेगी, जो यहां खेती की संपूर्ण संभावनाओं पर विचार करेगी। श्री चौहान ने राज्य की बदहाली के लिए हेमंत सोरेन सरकार को जिम्मेवार ठहराया।

****

इधर, गुमला जिले के घाघरा प्रखंड मुख्यालय में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर विकास विरोधी होने का आरोप लगाया।

****

उधर, जामताड़ा जिले में भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के हुगली संसदीय क्षेत्र की सांसद लॉकेट चटर्जी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

****

भाजपा ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एक बार फिर नौकरी बेचने का काम किया है।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार पूरी निष्पक्षता के साथ युवाओं को नौकरी दे रही है। रांची में आज विभिन्न विभागों के लिए नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए श्री सोरेन ने आरोप लगाया कि विपक्ष राज्य के युवाओं को गुमराह कर रहा है।

****

सुप्रीम कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमानत देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एचसी शर्मा की अदालत में छवि रंजन की बेल पर सुनवाई हुई। छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। रांची इडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट भी उन्हें पहले ही जमानत देने से इनकार कर चुका है।

****

पलामू की एक अदालत ने छह वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के एक आरोपी राजेंद्र चौधरी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। दोषी ने इस घटना को जिले के चौनपुर थाना क्षेत्र में अंजाम दिया था।

****

विश्व पर्यटन दिवस पर आज झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नयी दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झारखंड के देवघर स्थित रिखिया गांव को श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन स्थल का पुरस्कार प्रदान किया। राज्य की पर्यटन निदेशक अंजली यादव ने इस पर खुशी जाहिर की है।

****

इधर, झारखंड पर्यटन विभाग और झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की ओर से आज रांची के आड्रे हाउस में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समुदायों की कला—संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने की पहल की गयी।

****

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कोडरमा जिले में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

****

चंडीगढ़ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चौंपियनशिप में आज झारखंड ने दिल्ली को चार के मुकाबले छह गोल से हराकर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में आशीष तानी पूर्ती ने 3 गोल किये। इस मैच में हॉकी झारखंड के सुजीत केरकेट्टा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

****